**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 07 मार्च 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र आज राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया। सत्र 28 मार्च तक चलेगा। बजट 17 मार्च को प्रस्तुत किया जाएगा। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपने अभिभाषण में कहा कि पूरे देश में 'हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान' अभियान चलाया जा रहा है और हरियाणा के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के आठ लोग संविधान निर्माण में शामिल रहे। अभिभाषण में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के स्वर्गीय. पिता चौ. रणबीर सिंह हुड्डा नाम भी शामिल किया गया है। अभिभाषण में प्रयागराज महाकुंभ और हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा' योजना का भी उल्लेख किया गया।विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, द्वितीय के तहत 52 हजार 288 आवेदकों का पंजीकरण हो चुका है। इससे अलग योजना के तहत 14 शहरों में 15 हजार 256 परिवारों को 30-30 वर्ग गज के प्लाट दिए हैं। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत महाग्रामों में 50-50 और बाकी गांवों में 100-100 वर्ग गज के प्लाट गरीबों को मिलेंगे।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की उपलब्धियों और सफलताओं ने दुनिया भर में आशा की नई लहर जगाई है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया इसे भारत का युग कह रही है। नई दिल्ली में एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत आज वैश्विक विकास को गति दे रहा है और विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर है।प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक, दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता और तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश बन गया है।

**बाइट □एम**

***10 सालों में हमने इंफ्रास्टक्चर □र अ□ने कैपि□टल एक्स□ेंडिचर को 5 गुना बढ़ाया है। देश में एयर□ोर्ट की संख्या 2 गुनी हो गई है, इन 10 सालों में ही देश में ऑ□रेशनल एम्स की संख्या तीन गुणा हो गई है और इन्ही 10 सालों में मेडिकल कॉलेजों और मेडिकल सीट्स की संख्या भी***

***करीब-करीब दो गुनी हो गई है।***

उन्होंने कहा कि भारत सौर ऊर्जा क्षमता के मामले में शीर्ष पांच देशों में शामिल है।

****************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की थीम है **"नारी शक्ति से विकसित भारत"।** इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों के अधिकारी, दिल्ली पुलिस, माई भारत स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की सदस्य सहित विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं भाग लेंगी। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, संयुक्त राष्ट्र महिला, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रति महिला 2100 रुपये देने के वादे को पूरा करने के लिए इस बजट में प्रावधान किया जाएगा।कल शाम चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को समओबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गये वायदों को आगामी 5 सालों में एक-एक करके पूरा किया जाएगा। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में तेजी से कार्य करते हुए 18 महत्वपूर्ण संकल्पों को पूरा कर लिया है।उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 10 और संकल्प शीघ्र ही पूरे होने जा रहे हैं।

***************************************************************************

आज जन औषधि दिवस है। इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का उद्देश्य सभी को सस्ते मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है।

****************************************************************************

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण की अध्यक्षता में अंबाला के केन्द्रीय कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया। लोक अदालत मे 27 मुकदमे रखे गए जिनमें से 5 मुकदमों का निपटारा कर दिया गया और आठ बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया।

****************************************************************************

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए नागरिकों को छुआछूत, जाति आधारित भेदभाव और असमानताओं से मुक्त होना होगा। नई दिल्ली में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सम्मान को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य समानता पर आधारित समाज का निर्माण करना

है। इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आदर्श महिला-हितैषी ग्राम पंचायत पहल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस पहल के अंतर्गत देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श ग्राम पंचायत विकसित की जाएगी। इस कार्यक्रम में 30 से अधिक महिलाओं को सामाजिक सुधारों में अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।